**आकाशवाणी शिमला**
**08.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे**

**मुख्य समाचार**

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण व सनातन विरोधी राजनीति करने का लगाया आरोप।
- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– आरक्षण व संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम निराधार व बेबुनियाद।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का दावा– प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों सहित 6 विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस की जीत तय।
- लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के दूसरे दिन चार नामांकन दाखिल।

**भाजपा प्रचार**

प्रदेश में आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए अब 23 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में प्रदेश में चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। इसी कड़ी में भाजपा द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत बिलासपुर जिला के लुहणू मैदान में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार अनुराग ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण व सनातन विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाने वाली पार्टी है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबके प्रयास के माध्यम से सर्वस्पर्शी व सर्व समावेशी विकास का नया अध्याय शुरू किया है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा गरीबों का विकास, युवाओं की उन्नति, अन्नदाताओं का कल्याण व नारी सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि ये चुनाव विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है और जनता के आशीर्वाद से नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, शोषित, युवा और किसान इनकी तस्वीर आज प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण बदली है। जगत प्रकाश नड्डा ने देश व प्रदेश में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किए गए विकास कार्य हैं तो दूसरी ओर भारत विरोधी सोच वाले लोग हैं जो देश को बांटना चाहते हैं। उन्होंने सभी पन्ना प्रमुखों से भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों की जीत के लिए जुटने का आहवान किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर जातिवाद, क्षेत्रवाद और धार्मिक आधार पर लोगों को बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब ये पार्टी लोगों को रंग–भेद के आधार पर भी बांटने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इन साजिशों का लोग चुनाव में जवाब देंगे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में भारत ने ऐतिहासिक विकास यात्रा देखी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा दी गई योजनाओं के चलते हिमाचल की स्थिति पूरी तरह

बदल गई है और प्रदेश को फोरलेन सड़कें और एम्स जैसे संस्थानों सहित कई सौगातें मिली हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है और देश के लोग उनके नेतृत्व में पूर्ण विश्वास रखते हैं।

**अनुराग ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता, केन्द्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज अपने चुनाव प्रचार के तहत हमीरपुर जिले के कई स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ चली है और सभी को समान रूप से विकास का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में वंचितों को वरीयता दी गई जबकि कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर एस.सी. एस.टी. और ओबीसी का आरक्षण छीनने पर तुली हुई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल ही निराधार व बेबुनियाद है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में लोकतंत्र के महापर्व को लेकर लोगों में असीम उत्साह है और भाजपा व मोदी सरकार के विकास कार्यों पर लोगों का अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में जनता से मिल रहे अपार स्नेह व आर्शीवाद से तय है कि भाजपा ऐतिहासिक विजय की ओर अग्रसर है। इससे पहले अनुराग ठाकुर ने घुमारवीं में आयोजित एक स्थानीय कार्यक्रम में भी भाग लिया।

**अग्निहोत्री**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में लोकसभा की चारों सीटों सहित 6 विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत तय है। मंडी में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश सरकार को गिराने की जो साजिश रची थी उसमें वह पूरी तरह नाकाम रही। अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को प्रदेश की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

**विक्रमादित्य सिंह**

मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने दावा किया है कि मण्डी में जन बल की जीत और धन बल की हार होगी। शिमला में आज उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ अपने–अपने क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में जुटने का आहवान किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कांग्रेस के पास जन बल है और यही पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों को भारी अंतर से जीतेगी। बाद में विक्रमादित्य सिंह ने मण्डी जिले के नेरचौक में बल्ह विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यालय का शुभारम्भ भी किया।

**नामांकन**

प्रदेश में आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के दूसरे दिन आज 4 प्रत्याशियों ने अपने–अपने पर्चे दाखिल किए। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि लाहौल–स्पिति विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अनुराधा राणा जबकि गगरेट विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार मनोहर लाल और धर्मशाला से निर्दलीय प्रत्याशी सतीश कुमार ने अपने–अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। मण्डी संसदीय क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी प्रकाश चन्द भारद्वाज ने भी आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस बीच लाहौल स्पिति विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा राणा ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद केलंग में जनसभा को भी

संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान ने 52 साल बाद महिला प्रत्याशी को टिकट देकर व्यवस्था परिवर्तन के नारे को सार्थक करते हुए महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश की। अनुराधा राणा ने क्षेत्र के लोगों से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि वे विधानसभा उपचुनाव जीतने के बाद जिले के विकास के लिए भरसक प्रयास करेंगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों का विकास कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने लोगों से लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की जीत के लिए वोट की अपील भी की।

**विश्व रेडक्रॉस दिवस**

आज विश्व रेडक्रॉस दिवस है। इस अवसर पर राज्य रेडक्रॉस सोसायटी और प्रदेश रेडक्रॉस कल्याण अनुभाग के सदस्यों व पदाधिकारियों ने राज्यपाल व प्रदेश रैडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष शिव प्रताप शुक्ल और लेडी गर्वनर जानकी शुक्ल को रेडक्रॉस फ्लैग लगाए। इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस का विषय मानवता को जीवित रखना है। राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसायटी के सभी सदस्यों व स्वयंसेवकों द्वारा प्रदेश में रेडक्रॉस आंदोलन को मजबूत करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान राज्यपाल ने रेडक्रॉस के लिए अंशदान भी दिया। उधर विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर हमीरपुर जिले के भोरंज और नादौन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों में कुल 78 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

**मनीष गर्ग**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज शिमला में मैसेज टू वोट वाली साईकलिंग जर्सी जारी की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग ने मण्डी निवासी जसप्रीत पॉल को स्टेट इलेक्शन आईकन के रूप में चुना है। मनीष गर्ग ने बताया कि जसप्रीत पॉल लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य के विभिन्न भागों के साथ–साथ लाहौल स्पिति के टाशीगंग स्थित विश्व के सबसे उंचे 10 हजार 2 सौ 56 फुट मतदान केन्द्र टाशीगंग के लिए शिमला से साईकलिंग कर जागरूकता अभियान को गति देंगे और मतदाताओं को वोट का महत्व बताएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जसप्रीत पॉल को स्टेट इलेकशन आईकन नियुक्त करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने और लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।